अध्याय 16

# समय

**अधिगम बिन्दु**

- तारीख लिखना।
- दिन, सप्ताह, महीने, साल की समझ।
- समय तथा काम की समझ।

## 16.1 तारीख लिखना सिखाना

लड्डू लाल का टीसी प्रमाण पत्र देखिए

No . 61

राजस्थान सरकार

**Transfer Certificate – पाठशालान्तर प्रवेशानुज्ञा**

विद्यालय – रा.उ.प्रा.वि. बिशनपुरा तह . कनवास

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| CERTIFIED THATS / प्रमाणित किया जाता है कि | लड्डूलाल | | | | Son/daughter of / पुत्र/पुत्री | |
| श्री मुरारीलाल | Resident of / निवासी | बिशनपुरा | District / जिला | कोटा | Born / जन्म तिथि | 04-03-2001 |
| Joined this school in class / प्रविष्ठ किया गया था कक्षा | प्रथम | on / में दिनांक | 07.07.2007 | | Admission No. / को प्रवेश नम्बर | 52 |
| and left from class / और छोडा कक्षा | आठवीं | on date / में दिनांक को | 13-05-2015 | in order to / कारण | आगे कक्षा न होना | |

His/Her conduct as far an known to the undersigned
उसका आचरण जहाँ तक विदित है।
was उत्तम रहा।

He/She has paid all school due
उसने स्कूल की सब बकाया भर दी है।

15.5.2015
.........................
Date of issue of this certificate
तारीख सर्टिफिकेट देने की

Head Master
प्रधानाध्यापक
School/पाठशाला

लड्डूलाल के टी.सी. प्रमाण पत्र का ध्यान से अवलोकन कीजिए और इन सवालों के जवाब अपनी कॉपी में नोट कीजिए।

1. लड्डूलाल का जन्म किस दिनांक को हुआ था ?
2. वह 04 मार्च 2015 को कितने साल का था ?
3. उसने किस दिनांक को विद्यालय में प्रवेश लिया ?
4. उसको किस दिनांक को टी.सी. जारी की ?

अपने दोस्तो से उनके जन्म दिनांक पता कर एक तालिका बनाइए –

| नाम | जन्म दिनांक |
|---|---|
| (1) ............................................ | .................................... |
| (2) ............................................ | .................................... |

अब अपने से बड़े दोस्तो की तालिका बनाओ।

| नाम | जन्म दिनांक |
|---|---|
| (1) ............................................ | .................................... |
| (2) ............................................ | .................................... |

अब कक्षा में लगे कैलेंडर को देखकर सभी अपने दोस्तो के जन्म दिनांक की सारणी बनाओ।

**जुलाई 2015**

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

तभी रेवड़ीलाल बोला–अरे। इस बार मेरा जन्म दिनांक गुरुवार को आएगा। विमला बोली– मेरा जन्म दिनांक 17 को आता है। क्या मेरा जन्म दिनांक भी गुरुवार को ही आएगा ? सभी कॉपी में तालिका बनाकर दिनों के वार भी कैलेंडर में देखकर लिखिए।

| तारीख | वार |
|---|---|
| 07 जुलाई | बुधवार |
| 12 जुलाई | |
| 21 जुलाई | |
| 29 जुलाई | |



मुझे पता है कि मेरा जन्म दिन 25 जुलाई रविवार को ही आयेगा।क्योंकि 4,11,18 जुलाई को रविवार है।


## 16.2 दिन, सप्ताह, महीना और वर्ष की समझ

क्या बिना कलैण्डर देखे किसी दिनांक का वार पता लगाया जा सकता है ? अगर 1 अक्टूबर को गुरुवार है तो क्या तुम बता सकते हो कि 8 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को कौनसा वार होगा ?

| **वार** | **तारीख** |
|---|---|
| शुक्रवार | 02 सितम्बर |
| शुक्रवार | 2+7=9 |
| शुक्रवार | 9+7=16 |
| शुक्रवार | 16+7=23 |

अगर 2 सितम्बर को शुक्रवार है तो अगले शुक्रवार की तारीख क्या–क्या रहेगी?

अगली तारीख सात दिन बाद 2+7=9 सितम्बर को आयेगी। अर्थात एक सप्ताह बाद वही दिन आता है।



एक महीने में चार सप्ताह होते है

प्रयास करे– सारणी में वार अंकित कीजिए ?

| तारीख | वार |
|---|---|
| 07 नवम्बर | शनिवार |
| 14 नवम्बर | |
| 21 नवम्बर | |
| 28 नवम्बर | |

9 दिसम्बर को बुधवार है, तो 13 दिसम्बर व 16 दिसम्बर, को कौनसा वार आयेगा

9 दिसम्बर के 4 दिन बाद

13 दिसम्बर आता है।

9+4=13

+1 +2 +3 +4


बुधवार – गुरुवार – शुक्रवार – शनिवार – रविवार

इसी प्रकार 16 दिसम्बर (13 + 3) बुधवार को जाएगा।

**प्रयास करे**– सारणी में वार अंकित करे ?

| तारीख | वार |
|---|---|
| 03 दिसम्बर | मंगलवार |
| 07 दिसम्बर | |
| 13 दिसम्बर | |
| 19 दिसम्बर | |

**सप्ताह के दिन**



सप्ताह का प्रथम दिन सोमवार है तो दो दिन बाद कौन–सा वार आयेगा ?
इसी प्रकार सप्ताह के अंतिम दिन कौनसा वार आएगा ?
अगले सप्ताह का प्रथम दिन कौनसा वार आएगा ?


**प्रयास करे**– 12 अगस्त को बुधवार है तो स्वतंत्रता दिवस किस वार को आएगा ?

**वर्ष में माह**

राम ने मोहन से पूछा कक्षा मे इस वर्ष का जो कैलेंडर लटक रहा है उसमें बहुत सारे माह नजर आ रहे हैं। मोहन ने राम को जवाब दिया :–

तुम गिन कर देखो ।

अरे हाँ – ये तो बारह हैं। लेकिन सबके नाम अलग–अलग हैं ? इसे किस प्रकार याद रखेंगे। इन्हें हम चार्ट के माध्यम से समझेंगे।





**प्रयास करे**–

1. गणतंत्र दिवस किस माह में आता है ?
2. गाँधी जयंती किस माह में आती है ?
3. पर्यावरण दिवस कब आता है ?

राहुल ने लड्डूलाल की टी.सी. देखकर पूछा :– लड्डूलाल की टी.सी. मे जन्म दिनांक 04.03.2001 लिखा हुआ है इसमे आगे वाला अंक दिनांक 4 है उसके बाद माह का अंक 3 अंकित है इसका अर्थ मार्च का माह है परंतु बाद में बहुत बड़ा अंक लिखा है जो 2001 है इसका क्या मतलब है।

विशाल ने जवाब दिया इस प्रकार के अंक वर्ष को दर्शाते हैं। इन अंको से हम उसके जन्म वर्ष का पता लगा सकते हैं।

नेहा ने विशाल से कहा कि मुझे माह के दिनों की संख्या की कविता आती है जिससे आसानी से याद रख सकते हैं।




**प्रयास करें –**

1. जनवरी माह में कितने दिन होंगे ?
2. कौनसे माह में दिनों की संख्या 28 है ?

रवि ने सुनिता से पूछा –

क्या हम वर्ष माह व दिनों को आपस में परिवर्तित कर सकते हैं ?

उसने कैलेंडर से सभी माह के दिनों को गिन कर लिखने को कहा तो इस प्रकार एक सारणी बन गई

| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर | 12 माह = 1 वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | 28 | 31 | 30 | 31 | 30 | 31 | 31 | 30 | 31 | 30 | 31 | 365 |

अर्थात : 1 वर्ष = 12 माह = 365 दिन एवं लीप वर्ष में फरवरी माह 29 दिन का होता है।

## 16.3 समय तथा काम की समझ

रवि ने अध्यापक जी से कहा – गुरुजी मैं दीपावली के अवसर पर विद्यालय की साफ–सफाई करना चाहता हूँ। सबसे पहले उसने अपनी कक्षा की सफाई की। उसे उसकी कक्षा की सफाई में 2 दिन लग गए। रवि ने कहा ऐसे तो पूरी दीपावली निकल जाएगी। विद्यालय की साफ सफाई नहीं हो पाएगी। विशाल, मोनू, कविता ने कहा – हम भी विद्यालय की साफ–सफाई करना चाहते हैं।

रवि ने कहा – अरे वाह! विद्यालय की सफाई तो जल्दी ही हो गयी।

इसी प्रकार विद्यालय के बगीचे की एक क्यारी को एक बच्चा दो दिन में साफ कर दे तो दो बच्चे क्यारी की सफाई एक दिन में कर देंगे।

गीता ने कहा इसी प्रकार मेरे पिताजी हमारे खेत की फसल को 2 सप्ताह में काटते हैं लेकिन मेरी माँ भी साथ में काटती है तो उस खेत को 1 सप्ताह में ही काट देते हैं।

**उदाहरण** 4 मजदूर विद्यालय की पुताई 2 दिन में करते हैं तो 8 मजदूर कितने दिन में पुताई करेंगे।

**हल**— 4 मजदूर काम करेंगे = 2 दिन

8 मजदूर काम करेंगें = 1 दिन

## प्रश्नावली 16

प्रश्न 1. अक्टूबर माह का कैलेंडर दिया है निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**अक्टूबर 2015**

| सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

(i) रविवार के खाने में गोले बनाइए।

(ii) गाँधी जयंती के दिन वाले खाने में गोला बनाइए।

(iii) दिनांक 5 को सोमवार है, अगला सोमवार किस दिनांक को आएगा ?

(iv) महीने का अंतिम दिन कौनसा वार है ?

(v) इस महीने में कितने रविवार आएँगे ?

प्रश्न 2. सारणी भरिए—

| दिनांक | वार |
|---|---|
| 02 नवम्बर | सोमवार |
| 11 नवम्बर | |
| 14 नवम्बर | |
| 18 नवम्बर | |

प्रश्न 3. 22 जनवरी को शुक्रवार है तो गणतन्त्र दिवस किस वार को आयेगा ?

प्रश्न 4. विश्व हाथ धुलाई दिवस किस माह में आता है ?

प्रश्न 5. निम्न सारणी को पूर्ण कीजिए ?

| वार | दिनांक |
|---|---|
| शुक्रवार | 02 जुलाई |
| शुक्रवार | |
| शुक्रवार | |
| शुक्रवार | |

प्रश्न 6. एक वर्ष में कितने माह होते हैं ? उनके नाम लिखो।

प्रश्न 7. नवम्बर माह में कितने दिन होते हैं ?

प्रश्न 8. बाल दिवस कब मनाया जाता हैं ?

प्रश्न 9. कौन–कौन से माह में दिनों की संख्या 30 होती है ?

प्रश्न 10. राधा एक काम को 6 दिन में पूरा करती है तो 3 दिन में कितना काम हो जाएगा ?

प्रश्न 11. 2 मजदूर एक काम को 2 वर्ष में पूरा करते हैं तो 4 मजदूर उस काम को कितने वर्ष में पूरा कर देंगे ?